दिनांक–18.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक पशुओं में होने वाले खुरपका और मुंहपका रोगों से मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध।
- मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये किये जा रहे प्रयासों को यूनिसेफ ने सराहा।
- स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा- प्रदेश में नियम विरुद्ध संचालित होने वाले मदरसों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई।
- सिंगरौली-अनूपपुर समेत 4 जिलों में आज तेज बारिश की संभावना।

**सरकार- एफएमडी मुक्त भारत**

केंद्रीय मत्स्य-पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने वर्ष 2030 तक खुरपका और मुंहपका रोग से मुक्ति के लिए विभाग के उपायों की समीक्षा की है। केंद्र सरकार कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात सहित अन्य राज्यों में इन रोगों से मुक्त-क्षेत्र बनाना चाहती है। श्री सिंह ने कहा कि पशुधन, देश की अर्थव्यवस्था और किसानों की आजीविका--दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खुरपका और मुंहपका के कारण प्रतिवर्ष लगभग 24 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है और इन पर नियंत्रण से दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। श्री सिंह ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सभी पशु टीके घरेलू स्तर पर बनाए जाते हैं और अब भारत टीका निर्यात करने की स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए भेड़-बकरियों को टीका लगाने का काम तेज़ किया गया है। लद्दाख में टीकाकरण पहले ही से चल रहा है।

**यूनिसेफ-सराहना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये किये जा रहे प्रयासों को यूनिसेफ ने सराहा है। यूनिसेफ ने अपने एक्स पर किये गये पोस्ट में मुख्यमंत्री द्वारा किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना को अनूठी पहल बताकर प्रशंसा की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 11 अगस्त को भोपाल में आयोजित छात्राओं के संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के

अंतर्गत सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना में 19 लाख छात्राओं के खाते में 57 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि अंतरित की थी। सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना में कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन के लिए राशि अंतरित की गई है। योजना में विद्यालयों और महाविद्यालय की छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और उनके उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है।

**मुख्यमंत्री-उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के संचालनालय का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल और मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री यहां विभिन्न स्थानों पर आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

**राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**

भारत पिछले वर्ष 23 अगस्त के दिन चाँद पर उतरने वाला चौथा देश और इसके दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने वाला पहला देश बन गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की याद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष देश अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाएगा और इसका विषय होगा "चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना- भारत की अंतरिक्ष गाथा"। अंतरिक्ष में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों, समाज को होने वाले गहन लाभों और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़ने के असीमित अवसरों पर प्रकाश डालने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल के क्यूरेटर एवं परियोजना समन्वयक साकेत सिंह कौर ने पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर क्या कहा सुनते हैं।

कट- साकेत सिंह कौर, परियोजना समन्वयक आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल

**प्रधानमंत्री-आईएमए**

**इंडियन मेडिकल एसोसिएशन** ने पश्चिम बंगाल के **आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज** मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके। संघ की मांग है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में संघ ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए और पीड़ित पक्ष को

शीघ्रता से न्याय मिलना चाहिए। संघ ने पीड़िता के परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की है।

**भाजपा बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक पार्टी सदस्यता अभियान पर चर्चा करने के लिए कल नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की। इस बैठक में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह भी शामिल हुए। बैठक में प्रदेशों के लिए सदस्यता अभियान प्रभारी भी नियुक्त किए गए। मध्यप्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद विनोद तावड़े को सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है।

**मदरसा आदेश**

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में नियम विरुद्ध संचालित होने वाले मदरसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ऐसे सभी मदरसों, जो मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं, का भौतिक सत्यापन तय समय-सीमा में पूरा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कराई गई जाँच में प्रदेश में 56 मदरसे भौतिक सत्यापन में नियम विरुद्ध पाये गये थे। इन मदरसों की मान्यता समाप्त करते हुए इनका अनुदान बंद कर दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी शैक्षणिक संस्था में पालकों की सहमति के बिना बच्चों को धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाये और न ही उन्हें इसके लिये बाध्य किया जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में सभी शैक्षणिक संस्थाओं को नई शिक्षा नीति का पालन करना होगा। इसके साथ ही राइट-टू-एजुकेशन का भी पालन करना होगा। जो शैक्षणिक संस्थाएँ नीति के विरुद्ध पाई जायेंगी, उनकी मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई सख्ती के साथ की जायेगी।

**आईटीआई-कोर्स**

विश्वस्तरीय संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए एडवांस ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी,एडवांस मैकेनिकल टेक्नोलॉजी, एडवांस मैकाट्रोनिक्स एवं एडवांस मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेज सहित अन्य कई नवीनतम पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर कई क्षेत्रों में रोजगार और स्व-रोजगार के मार्ग प्रशस्त होंगे। पहले प्रवेश लेने वाले आवेदकों को निःशुल्क आवासीय सुविधा दी जाएगी। आवेदक प्रवेश के लिए 20 अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी आधिकारि बेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**मौसम**

बंगाल की खाड़ी में बने एक और सिस्टम से प्रदेश में 19 अगस्त से तेज बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सिंगरौली, पन्ना, कटनी और अनूपपुर में आज तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार- भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी, जबकि मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन संभाग में मौसम साफ रहेगा। मानसून ट्रफ प्रदेश के शिवपुरी, सीधी होकर गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी में यह लो प्रेशर एरिया के रूप में बदल गई है। इसका असर सोमवार से प्रदेश में ज्यादा दिखाई देगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से भी बारिश का दौर बना रहेगा। ग्वालियर में कल तेज बारिश हुई, नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी और बैतूल जिले में भी बारिश हुई। छिंदवाड़ा और सतना में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

**संक्षिप्त समाचार**

- बालाघाट के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में कल एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- सागर कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा के दौरान अभियान में लापरवाही बरतने वाले चार पटवारियों को निलंबित किया है

- गुना में कल खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रक्षाबंधन त्यौहार के दृष्टिगत लिए मावा एवं मिठाई के सैम्पल लिए।

- मुरैना जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कल दोपहर बाद अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

- राजगढ़ में 19 डॉक्टर-कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा गया है, वहीं दो कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किया गया है।

- खंडवा में प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्‌यालय की बहनों द्‌वारा जिला जेल खंडवा में कैदियों को राखी बांधकर आपराधिक प्रवृत्ति त्यागने की प्रतिज्ञा दिलाई।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर**

- केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक पशुओं में होने वाले खुरपका और मुंहपका रोगों से मुक्ति के लिए प्रतिबद्‌ध।
- मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये किये जा रहे प्रयासों को यूनिसेफ ने सराहा।
- स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा- प्रदेश में नियम विरुद्‌ध संचालित होने वाले मदरसों के विरुद्‌ध होगी सख्त कार्रवाई।
- सिंगरौली-अनूपपुर समेत 4 जिलों में आज तेज बारिश की संभावना।

....................................